DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट (DCSD) परिवार का अभिवादन,

मुझे उम्मीद है कि आप सभी का सप्ताहांत सुरक्षित और खुशियों से भरा बीता होगा। मैं इस सप्ताह के न्यूज़लैटर की शुरुआत आज बोर्ड की बैठक के दौरान प्राप्त मान्यताओं की खुशी के साथ करना चाहती हूँ। इस सप्ताह, DCSD और शिक्षा बोर्ड राष्ट्रीय स्कूल बस सुरक्षा सप्ताह और बस ड्राइवर सराहना सप्ताह का जश्न मना रहे हैं। हमारे विद्यार्थियों के प्रति हमारे बस ड्राइवरों के समर्पण के लिए हम उनकी सराहना करते हैं।

हमने 2 अक्तूबर को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय संरक्षक श्रमिक मान्यता दिवस के ऊपर भी प्रकाश डाला। हमारे संरक्षक हमारे स्कूल भवनों और सेंटरों को साफ रखने का शानदार काम कर रहे हैं और महामारी के दौरान भवनों को साफ और स्वच्छ रखने में उन्होंने अपने कर्तव्य से अधिक काम किया है। हम अपने संरक्षकों द्वारा की जाने वाली कड़ी मेहनत के लिए उनकी सराहना और धन्यवाद करते हैं।

DCSD और शिक्षा बोर्ड ने स्तन कैंसर जागरूकता माह, बदमाशी रोकथाम माह और राष्ट्रीय स्कूल मनोविज्ञान सप्ताह (8-12 नवंबर, 2021) भी मनाया। इस प्रकार की पहल डिस्ट्रिक्ट के लिए महत्वपूर्ण हैं और इस माह बोर्ड की बैठक के दौरान उन्हें मान्यता देते हुए हमें गर्व महसूस हो रहा है।

## होनहार विद्यार्थी

इस सप्ताह, मैं Chamblee मिडिल स्कूल की आठवीं ग्रेड की विद्यार्थी Andes Finch के बारे में विशेष जानकारी देना चाहती हूँ। इस मैगनेट विद्यार्थी का चयन Jack Kent Cooke युवा विद्यार्थी के तौर पर किया गया था। Andes उन 60 विद्यार्थियों में से एक हैं जिन्हें आवेदन करने वाले 1,000 से भी ज़्यादा विद्यार्थियों में से चुना गया था। Jack Kent Cooke Foundation ऐसे असाधारण रूप से होनहार विद्यार्थियों को शिक्षा में प्रोत्साहन देने के लिए समर्पित है जो वित्तीय रूप से कमजोर हैं। 2000 से ही इस फ़ाउंडेशन ने आठवीं ग्रेड से लेकर स्नातक में पढ़ने वाले 2,930 से भी ज़्यादा विद्यार्थियों को शिक्षा से जुड़ी विस्तृत सलाह और अन्य समर्थन सेवाओं सहित छात्रवृत्ती के तौर पर $230 मिलियन से अधिक की राशि पुरस्कार के तौर पर दी है। Andes को बधाइयाँ! मुझे इस होनहार विद्यार्थी के बारे में विशेष रूप से बताते हुए बहुत गर्व महसूस हो रहा है!

## टीम ट्यूजडे

पिछले सप्ताह #टीमट्यूज़डे के लिए, मैंने Dr. Myisha Warren का विशेष रूप से उल्लेख किया, जो कि संघीय कार्यक्रमों की कार्यकारी निदेशक हैं। मजबूत नेतृत्व देने, अकादमिक उपलब्धि को बेहतर बनाने और हमारे विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए ज़रूरी संसाधन समान रूप से उपलब्ध कराने के लिए धन्यवाद!

## सार्वजनिक सुरक्षा

मैं DCSD के हमारे 56 पुलिस अधिकारियों का अभिवादन करना चाहती हूँ जिन्होंने हाल ही में The King Center के साथ अहिंसा के ऊपर वर्चुअल प्रशिक्षण सत्र में भाग लिया। इस प्रशिक्षण सत्र ने हमारे अधिकारियों को स्कूलों में विद्यार्थियों के बीच मनमुटाव, लड़ाई, स्टाफ के बीच झगड़े, संपत्ति को नुकसान, चोरी और प्रतिदिन की विभिन्न परिस्थितियों से निपटने में टकराव और खराब

परिस्थितियों को काबू में लाने के उनके कौशल को बढ़ाने में मदद की है। मैं हमारे जन सुरक्षा विभाग और हमारे विद्यार्थियों को सुरक्षित और महफूज रखने के लिए उनके द्वारा किए जाने वाले कार्य के लिए उनकी सराहना करती हूँ।

**हिस्पैनिक हेरिटेज माह**

हमारे विद्यार्थियों, शिक्षकों और स्टाफ के सदस्यों को अलग-अलग रचनात्मक तरीकों से हिस्पैनिक हेरिटेज माह मनाता देख बहुत अच्छा लगा। कई पीढ़ियों से हम हिस्पैनिक अमेरिकियों का सम्मान करते चले आ रहे हैं जिन्होंने हमारे देश और समाज के कल्याण में योगदान दिया है। DCSD एक शानदार और विविधता वाला स्कूल डिस्ट्रिक्ट है और हमें हमारी विविधता पर गर्व है। हम हिस्पैनिक हेरिटेज माह मनाने वाले हमारे स्कूलों का धन्यवाद करते हैं।

**मान्यता समुदाय सर्वेक्षण**

फ़िलहाल DCSD में मान्यता नवीकरण प्रक्रिया के ऊपर काम चल रहा है। इस प्रक्रिया के एक भाग के तहत हितधारकों से फीडबैक लिया जा रहा है। हम आपको आमंत्रित करते हैं कि आप परिवार व समुदाय हितधारक सर्वेक्षण में भाग लें। इस सर्वेक्षण के नतीजों और साथ में अन्य हितधारकों की राय का उपयोग डिस्ट्रिक्ट की मान्यता नवीनीकरण प्रक्रिया में किया जाएगा।

परिवार व समुदाय हितधारक सर्वेक्षण निम्नलिखित भाषाओं में उपलब्ध है: अम्हरी, अरबी, बंगाली, बर्मी, चीनी, अंग्रेज़ी, फ्रेंच, हिंदी, नेपाली, सोमाली, स्पैनिश, स्वाहिली, तेलगु, टिग्रिनिया और वियतनामी। यह सर्वेक्षण गोपनीय है और इसे पूरा करने में लगभग 10 मिनट का समय लगेगा। यह सर्वेक्षण निम्नलिखित लिंक पर उपलब्ध है:
https://survey.sogosurvey.com/r/eY7O00

**COVID परीक्षण और वैक्सीन**

DCSD द्वारा कर्मचारियों, विद्यार्थियों और समुदाय के लिए मासिक रूप से COVID-19 परीक्षण और वैक्सीनेशन क्लीनिक का आयोजन किया जाएगा। सभी आयु वर्गों के लिए मुफ्त वैक्सीन और परीक्षण उपलब्ध कराए जाएंगे। अगला आयोजन शुक्रवार, 22 अक्तूबर को दोपहर 12 बजे से शाम 4:30 बजे तक Administrative & Instructional Complex, 1701 Mountain Industrial Blvd, Stone Mountain, GA में किया जाएगा। COVID-19 परीक्षण Doraville ट्रांसपोर्टेशन सेंटर, DCSD के परिवहन विभाग और Panthersville ट्रांसपोर्टेशन सेंटर में भी उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए www.freecovidtesting.us/dekalb पर जाएं।

**व्यापक मास्टर प्लान टाउन हॉल**

इस माह DCSD वर्चुअल व्यापक मास्टर प्लान (CMP) क्षेत्रीय टाउन हॉल बैठकों का आयोजन करने जा रहा है। DCSD की मास्टर प्लान प्रक्रिया में सभी स्कूल और प्रशासनिक सुविधाओं, साथ ही डिस्ट्रिक्ट के शैक्षिक मिशन का समर्थन करने के लिए बुनियादी ढांचों का आकलन किया जाएगा। इस प्रक्रिया के तहत स्कूल सुविधाओं से संबंधित डेटा एकत्र किया जाता है जिसका उपयोग अगले शैक्षिक विशेष उद्देश्य स्थानीय विकल्प बिक्री कर (E-SPLOST) परियोजना सूची के लिए प्राथमिकताएँ बनाने में किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए और कार्यक्रम सूची देखने के लिए, कृपया यहाँ क्लिक करें।

इन टाउन हॉल के जरिए इनपुट और फ़ीडबैक देने का बस एकमात्र अवसर दिया जाएगा। मुझे आशा है कि CMP प्रक्रिया हमें हमारे बड़े हितधारक समूह के साथ निरंतर विश्वास और पारदर्शिता का निर्माण करने में मदद करेगी। हमारे यहां E-SPLOST IV और V परियोजनाओं के बीच सामंजस्य बैठाने का काम जारी है और हमें अपने समुदायों को हमारे नए पर्यवेक्षण और रिपोर्टिंग साधनों की जानकारी देते हुए बहुत खुशी हो रही है। एक डिस्ट्रिक्ट के तौर पर हम आगे और ऊपर की ओर बढ़ना जारी रखेंगे!

कृपया डिस्ट्रिक्ट समाचार के ऊपर ताज़ा जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट और अपने स्कूल की वेबसाइट पर लगातार नज़र रखें। आपका सप्ताह शुभ हो!